Ans. (d) – राज्य निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्यों में राज्य की पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के चुनाव के लिए निर्वाचन सूची तैयार करना तथा पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के लिए चुनाव सम्पन्न कराना है। कथन 3 असत्य है।

108. 12वीं लोकसभा के लिए राजस्थान से चुनाव लड़ने वाली कुल महिला प्रत्याशियों की संख्या थी–

(a) 18 (b) 19
(c) 20 (d) 21

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या– 12वीं लोकसभा के लिए राजस्थान से चुनाव लड़ने वाली कुल महिला प्रत्याशियों की संख्या 21 थी।

109.राजस्थान विधान सभा के लिए प्रथम आम चुनावों में काँग्रेस के बाद जिस राजनीतिक दल को द्वितीय सर्वाधिक स्थान प्राप्त हुए वह था –

(a) भारतीय जनसंघ (b) रामराज्य परिषद
(c) किसान मजदूर प्रजा पार्टी (d) हिन्दू महासभा

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – राजस्थान विधानसभा के लिए प्रथम आम चुनावों में कांग्रेस के बाद रामराज्य परिषद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। पहले स्थान पर रही कांग्रेस को 82 सीटों पर जीत मिली। रामराज्य परिषद को दूसरे स्थान 24, भारतीय जनसंघ को तीसरे स्थान 8सीटें प्राप्त हुई।

(vi) राजस्थान राज्य वित्त आयोग

110. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए राजस्थान के 6वें राज्य वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान राशि के जिलेवार वितरण का मिलान करें-

(1) जिला परिषद	**(I) 5%**
(2) पंचायत समिति	**(II) 20%**
(3) ग्राम पंचायत	**(III) 75%**

सही विकल्प चुनें-

(a) (1)-I, (2)-II, (3)-III
(b) (1)-III, (2)-I, (3)-II
(c) (1)-II, (2)-I, (3)-III
(d) (1)-II, (2)-III, (3)-I

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (a) : वित्त वर्ष 2021-22 के लिए राजस्थान के 6वें राज्य वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान राशि का जिलेवार वितरण है-
1. जिला परिषद - 5%
2. पंचायत समिति - 20%
3. ग्राम पंचायत - 75%

111. राजस्थान में राज्य वित्त आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(a) के.के. गोयल (b) हीरालाल देवपुरा
(c) एम. सी. सुराणा (d) एस. के. घोष

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया गया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243(झ) के तहत राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया है। राजस्थान में राज्य वित्त आयोग के प्रथम अध्यक्ष के.के.गोयल थे। वर्तमान में छठें वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह है।

112. राजस्थान के चौथे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष हैं

(a) चंद्रशेखर बैद (b) बी.डी. कल्ला
(c) प्रद्युम्न सिंह (d) राजपाल सिंह शेखावत

RPSC-2011

Ans. (b) : राजस्थान के चौथे वित्त आयोग के अध्यक्ष बी.डी. कल्ला थे। चौथे राज्य वित्त आयोग श्री बी.डी.कल्ला की अध्यक्षता में 12अप्रैल 2011 को गठन किया गया। इसमें सदस्य के रूप में श्री राज पाल सिंह शेखावत, श्री जे.पी.चंदोलिया और सदस्य सन्विव के रूप में डा. पी.एल. अग्रवाल शामिल थे। चौथे वित्त आयोग ने कर (राजस्व) संबंधी सुधारात्मक सुझाव दिया था। पांचवे वित्त आयोग का गठन 2015 में ज्योति किरण, की अध्यक्षता किया गया।

भारत के संविधान का 73वाँ और 74वाँ संशोधन पंचायतों एवं शहरी स्थानीय निकायों को कुशल एवं न्याय संगत आधार पर राजस्व समीक्षा, कर/राजस्व संसाधन और विचलन के बारे में राज्यपाल को सिफारिश करने के लिए हर पाँचवे वर्ष राज्य वित्त आयोग के गठन के लिए प्रावधान किए जाते है। ज्ञातव्य है कि प्रथम राज्य वित्त आयोग का गठन 23 अप्रैल, 1994 को श्री के.के. गोयल की अध्यक्षता में किया गया था।

113. पंचायतों के लिये गठित राजस्थान राज्य वित्त आयोग संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत उल्लिखित है?

(a) अनुच्छेद 243-झ (b) अनुच्छेद 243-ड
(c) अनुच्छेद 243-ख (d) अनुच्छेद 243-ज

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (a) : पंचायतों के लिये गठित राजस्थान राज्य वित्त आयोग संविधान के अनुच्छेद 243झ के अन्तर्गत उल्लेखित है। अनुच्छेद 243झ के अन्तर्गत राज्य का राज्यपाल (73वाँ संसोधन) अधिनियम,1992 के प्रारम्भ से एक वर्ष के भीतर यथाशीघ्र और तत्पश्चात प्रत्येक पांचवे वर्ष की समाप्ति पर वित्त आयोग का गठन करेगा जो पंचायतों को वित्तीय स्थिति का अवलोकन, ऑकलन करेगा तथा वित्त संबंधी सुझाव देगा।

114. राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान वित्त निगम की स्थापना वर्ष_______में की गई थी।

(a) 1952 (b) 1955
(c) 1965 (d) 1972

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951 के तहत 17 जनवरी, 1955 को राजस्थान वित्त नियम की स्थापना की गई। इसका मुख्यालय जयपुर में स्थित है। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को दीर्घकालीन वित्तीय सहायता प्रदान करना हे।